हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 26 अप्रैल 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
केन्द्रीय विद्यालय में मना विद्या प्रवेशोत्सव



## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 को

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 (57) के अन्तर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### संलग्न स्वास्थ्य कर्मियों को यथावत रखने की मांग

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं से सौजन्य भेंट कर संचालनालय द्वारा मूल पदस्थ संस्थाओं से अन्य संस्थाओं में संलग्न चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों के संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु जारी निर्देश से अवगत करा चिकित्सकों,चिकित्सा कर्मियों का संलग्नीकरण समाप्त करने से स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के इलाज एवं कार्यालयीन कार्य प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए शहरी स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में 16 चिकित्सा कर्मियों को पूर्ववत कार्य संपादन करने हेतु आदेश जारी किया गया है।स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समस्याओं के कारण संलग्न चिकित्सा कर्मियों एवं लिपिकों को कार्यमुक्त करने से अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्य प्रभावित होने की संभावना पर कार्यमुक्त कर्मचारियों को पूर्ववत कार्य कराने हेतु निर्देश देने की मांग की।संयुक्त संचालक ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर इस संबंध में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

# स्टेट हाइवे पर लगा गार्ड वॉल टूटा राहगीरों की जान हर रोज खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे 17 के चराईडांड़- बतौली मार्ग स्थित कपरी नाला के पास सड़क सुरक्षा के लिए लगाया गया लोहे का गार्डवाल इन दिनों टूटा हुआ पड़ा है, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा इस स्थान पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे के मजबूत गार्डवाल लगाए गए थे, ताकि तीव्र मोड़ और नाले के पास दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। पिछले कुछ दिनों से यहां का ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ रात में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



### खतरे की आशंका

रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन जाती है, क्योंकि अंधेरे में गार्ड वाल के अभाव में वाहन चालक संतुलन खो सकते हैं या सीधे नाले में गिर सकते हैं। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### कार्रवाई की मांग

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह हरकत किसने और क्यों की? क्या यह सिर्फ शरारत है या इसके पीछे कोई बड़ा उद्देश्य छिपा है? इन तमाम सवालों के जवाब तलाशना प्रशासन और संबंधित विभाग के लिए जरूरी हो गया है,ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, टूटे हुए गार्ड वाल को जल्द से जल्द पुनः स्थापित कर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### सरकारी संपत्ति असुरक्षित

सवाल यह कि समय रहते इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय मे अन्य स्थानों पर लगे गार्डवाल और सरकारी संपत्तियां भी असुरक्षित हो सकती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन सख्ती दिखाए और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर लोगों के मन में सुरक्षा और विश्वास कायम रखे।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

कि कपरीनाला में लोहे का गार्डवाल का क्षतिग्रस्त की सूचना आपके माध्यम से मिल रही है। इंजीनियर को भेज कर मुआयना कराया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षतिग्रस्त हुए गार्डवाल की मरम्मत कराई जाएगी।

**-विनोद लकड़ा**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, कुनकुरी



## ग्रामीण पर्यटन के रूप में आकार ले रहा जशपुर का केरे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में जशपुर जिले का केरे गांव तेजी से एक उभरते पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना रहा है। जिला प्रशासन के सफल प्रयासों का परिणाम है, जिसने इस गांव को अपनाकर यहां 5 होमस्टे स्थापित किए हैं तथा स्थानीय ग्रामीणों को होमस्टे प्रबंधन एवं अतिथि सेवा का समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया है।

■ आकर्षण, सफल होमस्टे अनुभव से बढ़ी पहचान

हाल ही में महुआ होमस्टे, केरे में ठहरे अतिथियों का अनुभव इस पहल की सफलता को दर्शाता है। बिलासपुर से रांची जा रहे तीन यात्रियों के समूह ने अपने सफर के दौरान एक आरामदायक ठहराव की योजना बनाई। इंटरनेट पर खोज के दौरान उन्हें हॉट की वेबसाइट पर महुआ होमस्टे की जानकारी मिली। केरे गांव में अतिथियों के आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें ताजे, पौष्टिक एवं घर के बने भोजन का स्वाद चखने को मिला। अतिथियों ने भोजन की गुणवत्ता, ठहरने की सुविधा और मेजबानों के आत्मीय व्यवहार की सराहना की। यह अनुभव दर्शाता है कि केरे गांव को एक भरोसेमंद और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन, जशपुर, इस पहल के माध्यम से केरे गांव में विकसित हो रही सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय आजीविका के नए अवसरों को महत्वपूर्ण मानता है। इस तरह के प्रयास न केवल ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को एक जिम्मेदार और समावेशी दिशा प्रदान करते हैं। सकारात्मक अनुभवों और बढ़ती पहचान के साथ, केरे गांव छत्तीसगढ़ में सामुदायिक आधारित पर्यटन विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनने की दिशा में अग्रसर है।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आगामी 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। जिसमें लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें प्रदेश के 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जशपुर जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सम्पन्न होगी, जिसमें 4904 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें। ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र के माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे।

## सीएम ने किया 'अम्बुबाची' का विमोचन

**जशपुरनगर।** जशपुर की साहित्यिक पहचान को शनिवार को उस वक्त नई ऊंचाई मिली, जब जिले की वरिष्ठ अधिवक्ता और चर्चित कवयित्री शुभा मिश्रा के दूसरे एकल काव्य संग्रह 'अम्बुबाची' का विमोचन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में किया। मुख्यमंत्री के हाथों पुस्तक लोकार्पण होते ही जशपुर का नाम प्रदेश के साहित्यिक मानचित्र पर एक बार फिर मजबूती से दर्ज हो गया। यह अवसर केवल एक पुस्तक विमोचन भर नहीं था, बल्कि जशपुर की प्रतिभा, नारी शक्ति और साहित्यिक चेतना के सम्मान का भी प्रतीक बन गया। श्रीमती शुभा मिश्रा जशपुरनगर में निवास करती हैं और जिले की वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी नई पुस्तक 'अम्बुबाची' को स्त्री संवेदना, आध्यात्मिकता, प्रकृति, सामाजिक सरोकार और जीवन के गहरे अनुभवों का सशक्त दस्तावेज माना जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ जशपुर की अधिवक्ता को बड़ा सम्मान






## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में 34 ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार

**सेदम।** लमगांव हनुमान मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 34 ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार श्रद्धा भाव के साथ संपन्न किया गया। आयोजन पारंपरिक विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन एवं हवन के साथ हुई। आचार्यों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। इसके पश्चात सभी 34 बालकों को यज्ञोपवीत धारण कराकर उन्हें सनातन संस्कृति के महत्वपूर्ण संस्कार में दीक्षित किया गया। इस दौरान आचार्यों ने उपनयन संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्कार बालकों को शिक्षा, अनुशासन, कर्तव्य और आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर करता है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने बालकों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के संस्कार आयोजन से समाज में धार्मिक परंपराओं का संरक्षण होता है तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम मिलता है।

### शिवनंदनपुर व बिश्रामपुर में जनगणना प्रगणक और पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** आगामी जनगणना 2027 को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत शिवनंदनपुर एवं बिश्रामपुर में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया,यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवनंदनपुर सुनील सिन्हा तथा बिश्रामपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ,इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में व्याख्याता राजेश किस्पोट्टा एवं बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर के शिक्षक अनिल पटेल ने मार्गदर्शन दिया,प्रशिक्षण में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के 3 पर्यवेक्षक और 17 प्रगणक, जबकि नगर पंचायत बिश्रामपुर के 5 पर्यवेक्षक एवं 23 प्रगणकों ने भाग लिया,बताया गया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा, जिसके बाद भारत सरकार द्वारा जनगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी,इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्य को सुचारु एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न करना है।

### रिश्तेदार ले उड़ा बाइक व मोबाइल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण के घर से कोई और नहीं बल्कि ग्रामीण के रिश्तेदार ने ही बाइक व मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बगाडी निवासी भगवान सिंह शांडिल्य आ. स्व. शिवलाल सिंह (58 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 21 अप्रैल की रात परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान रिश्ते का भाई भोला राम आया और बाइक क्रमांक सीजी 30 एच 6989 एवं मोबाइल को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### एम्बुलेंस गिरी पुल के नीचे, चालक गंभीर

सेदम। ग्राम शिवपुर में मरीज छोड़कर अंबिकापुर जा रहे एंबुलेंस पुल के नीचे गिर गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को ग्रामीणों ने बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग 6 बजे बतौली के शिवपुर एकलव्य विद्यालय के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक शिवपुर में मरीज छोड़कर वापस अंबिकापुर जा रहा था तभी अनियंत्रित होकर मोड में स्थित पुल से एंबुलेंस पलट गया। एंबुलेंस के नीचे गिरने से चालक शैलेन्द्र वाहन में ही फंस गया था जिसे ग्रामीण सहित राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां गंभीर हालत होने पर चालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## सुबह 6 बजे से आग बुझाने में जुटे दमकलकर्मी

# दूसरे दिन भी धधकती रही आग की लपटें, शहर से बाहर शिफ्ट होंगे पटाखा गोदाम, जांच टीम गठित





भीषण अग्नी काण्ड में जर्जर होकर धराशाई हुआ तीन मंजिला भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में घटित भीषण अग्नी काण्ड के बाद जिला प्रशासन सख्त हो चला है। एसपी के पत्र पर कलेक्टर सरगुजा ने घटना की जांच हेतु टीम का गठन किया है और तत्काल शहर के रिहायशी क्षेत्रो से पटाखा गोदाम को बाहर भेजने के निर्देश जारी किए हैं। शहर के हृदय स्थल राम मंदिर के पास गली में मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में गुरूवार को लगी आग शुक्रवार को भी सुलगती रही। फायर बिग्रेड की टीम गुरूवार को देर रात तक दुकान की आग को बुझाने के लिए पानी का छिड़काव करती रही। शुक्रवार को सुबह दुकान से काले धुएं के साथ आग की लपटे उठती देख फायर बिग्रेड की टीम ने फिर से आग बुझाने की पहल प्रारम्भ की। दुकान में अभी भी आग सुलग रही है तथा बीच-बीच में काले धुएं का गुबार व लपटें उठ रही है।

**खास बात**

- आसपास के आधा दर्जन घर प्रभावित

बताया जा रहा है कि व्यवसायी ने अपने तीन मंजिले मकान में प्लास्टिक की थैलियों सहित प्लास्टिक निर्मित विभिन्न सामग्रियों एवं पटाखों का गोदाम बनाया था। गोदाम के सामानों को ऊपर की मंजिल पर चढ़ाने-उतारने के लिए लिफ्ट भी लगाई है। गुरूवार को ऊपरी मंजिल पर लिफ्ट की मरम्मत की जा रही थी तथा मरम्मत करने वाले कारीगर ऑक्सीजन एवं कार्बाइड गैस के दो सिलेण्डर लेकर पहुंचे थे तथा गैस वेल्डिंग से लिफ्ट की मरम्मत कर रहे थे। सबसे ऊपर की मंजिल पर शेड में प्लास्टिक के दोना रखे थे। गैस वेल्डिंग की चिनगारी से प्लास्टिक दोना-पत्तल में आग लग गई। प्लास्टिक दोना-पत्तल के बोरों से आग की ऊंची लपटे उठने लगी तो कर्मचारियों को दुकान में आग लगने की जानकारी मिली। पहले तो मौजूद कर्मचारियों एवं कारीगरों ने स्वयं आग बुझाने की कोशिशें की लेकिन सफलता नहीं मिलने एवं दोना-पत्तल के बोरों से आग की ऊंची लपटें उठती देख जलते बोरों को पास की बाउण्ड्री में भी फेंका तथा आग भड़कने पर काफी देर बाद फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम दमकल वाहन लेकर पहुंची लेकिन गली संकरी होने के कारण वाहन भीतर नहीं घुस सकी। आनन-फानन में अनुज भवन की बाउण्ड्री एवं बाथरूम को ढहाया गया तो दमकल वाहन घटनास्थल के निकट पहुंची तब आग बुझाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था तथा गैस सिलेंडर एवं पटाखों के लगातार तेज धमाकों से आसपास के लोग सहम गए थे। लगातार पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका। हालांकि फायर बिग्रेड की टीम बीच-बीच में आग की ऊंची लपटे उठती देख देर रात तक पानी का छिड़काव करते रहे। आग को नियंत्रित करने के लिए पांच लाख लीटर से अधिक पानी का छिड़काव किया गया। देर रात अभियान ठंडा पड़ा तथा सुबह दोबारा आग बुझाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

### पड़ोस के पांच घरों में फैली आग

प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान की आग की लपटें इतनी विकराल बन गई थी कि देखते ही देखते आग पड़ोसी अब्दुल खालिक कुरैशी, मो.शमीम एवं सामने की ग्लोबल फुटवीयर दुकान के पीछे प्रमोद पाण्डेय, प्रताप पाण्डेय एवं प्रफुल्ल पाण्डेय के घरों में फैल गई। सभी लोगों का ध्यान प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान पर केंद्रित होने के कारण किसी का भी ध्यान पड़ोसियों के घरों से उठती आग की लपटों पर नहीं गया। काफी देर बाद घरों से आग की ऊंची लपटें उठती देख पानी का छिड़काव शुरू किया गया। ग्लोबल फूटवीयर की आग को मस्जिदपारा के लोगों ने टुल्लूपंप चालू कर बुझाया। ग्लोबल फुटवियर की आग बुझाने में थोड़ा भी विलम्ब होता तो प्लास्टिक व जूता-चप्पलों की आग दर्जनों घरों मे फैल सकती थी मस्जिदपारा में आग फैलने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। आग से क्षतिग्रस्त कई भवनों में रहने वाले लोगों के पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है। दमकल वाहन के प्रवेश के लिए पुरखों द्वारा निर्मित बाउंड्री एवं बाथरूम, शौचालय को ढहाने की अनुमति देने वाले मिथिलेश प्रसाद वर्मा की भी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे अपनी बाउंड्री एवं शौचालय का निर्माण करा सके। प्रशासन की मदद नहीं मिली तो ऐसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। घटना में क्षतिग्रस्त भवन के मलबे से आसपास के 5-6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं तेज धमाकों से कई घरों के शीशे टूट गए हैं।

#### सामने आई ननि की भारी लापरवाही

मामले में ननि एवं प्रशासन की भारी लापरवाही सामने आई है। जिला प्रशासन ने वर्षों पूर्व पटाखा, लकड़ी मिल, टायर दुकान के व्यवसाइयों को आबादी क्षेत्र से बाहर गोदाम व दुकानें संचालित करने के निर्देश दिए थे। बरेजपारा स्थित एक टायर दुकान में आग लगने एवं आग के तीन दिनों तक सुलगते रहने पर प्रशासन ने यह निर्णय लिया था। निर्णय के बाद अधिकांश दुकानें व गोदाम आबादी क्षेत्र के बाहर संचालित हो रहे है। राजनीतिक दलों से जुड़े रसूखदार व्यवसायियों पर प्रशासनिक निर्णय का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। प्लास्टिक एवं पटाखा व्यवसायी के प्रभाव के कारण पुलिस प्रशासन एवं ननि का अमला हजारों लोगों की जान को खतरे में डालकर व्यवसायी को घनी आबादी के बीच पटाखों के भण्डारण पर आंखे मूंदे रहा। बताया जा रहा है कि व्यवसायी सालों से अपनी दुकान से पटाखों का विक्रय कर रहा था विशेष अवसरों पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी दुकान से पटाखे मंगवाते थे। ननि पांच मंजिला भवन निर्माण करने की अनुमति दे रहा है लेकिन फायर बिग्रेड के पास 85 फीट से अधिक पाइप तक उपलब्ध नहीं है। इस दौरान फायर बॉल एवं वाटर हाइड्रेंट की कमी भी खली।

### सात सदस्यीय जांच टीम गठित

प्लास्टिक दुकान व गोदाम में लगी भीषण आग को लेकर सात सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। जांच टीम में भाजपा के चार एवं कांग्रेस के तीन सदस्य शामिल है। संयुक्त जांच टीम को 15 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-मंजूषा भगत, महापौर

### कभी भी गिर सकता है भवन

प्लास्टिक दुकान में लगातार 30 घंटे से अधिक समय तक आग धधकने के कारण भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कॉलम से भवन का छत अलग हो गया है। भवन के खतरनाक होने के कारण दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए छत पर चढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं तथा भवन के कभी भी भरभराकर गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। स्थिति को देखते ही लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। भवन के गिरने पर पास के घरों के भी प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।

### एफआईआर दर्ज करने की उठी मांग

घटना से न केवल वार्डवासियों में बल्कि पूरे शहर में पटाखा व्यवसाई की मनमानी के विरूद्ध लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सिन्हा, सुजान बिंद, संजय कुमार ठाकुर, राजमनी चौबे, अभय नारायण पाण्डेय ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर व्यवसायी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वार्डवासी भी व्यवसायी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

### दुकान में आगजनी प्रकरण की जांच हेतु संयुक्त दल गठित

शहर के राम मंदिर के सामने स्थित मुकेश प्लास्टिक दुकान में हुई आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सरगुजा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। 23 अप्रैल 2026 को उक्त स्थल पर आगजनी की घटना घटित हुई थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सरगुजा के पत्र के आधार पर पुलिस, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए जांच दल गठित किया गया है। गठित जांच दल में अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर, नगर पुलिस अधीक्षक अम्बिकापुर, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के प्रतिनिधि, जिला नगर सेना तथा नगर पालिक निगम के कार्यपालन अभियंता को शामिल किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जांच दल घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर सात दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

#### कलेक्टर ने शहर से बाहर फटाका गोदाम शिफ्ट करने के दिए निर्देश, 7 दिवस में मांगी जांच रिपोर्ट

कलेक्टर अजीत वसंत ने नगर में संचालित फटाका गोदामों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि नगर अम्बिकापुर के सभी फटाका दुकानों के भण्डारण/गोदामों को शहर से बाहर शिफ्ट किया जाए। जारी निर्देशानुसार नगर अम्बिकापुर में कुल 08 स्थाई फटाका लायसेंसधारी एवं 02 फटाका निर्माण के लायसेंसधारी संचालित हैं। इनमें मो० जुनैद, सतीश कुमार जैन, विनोद कुमार जैन, रोशनलाल गोयल, आशीष कुमार अग्रवाल, अजय कुमार गोयल, गौरीशंकर पाण्डेय, मुकेश कुमार अग्रवाल तथा मनोज कुमार मारू शामिल हैं। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर को निर्देशित किया गया है कि संबंधित सभी फटाका गोदामों का निरीक्षण कर 7 दिवस के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



## अंग्रेजी शराब की तस्करी करते शासकीय शराब दुकान का सुपरवाइजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हुए शराब दुकान के सुपरवाइजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपरवाइजर अपनी निजी कार में अंग्रेजी शराब लेकर सप्लाई करने जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सुपरवाइजर को कार समेत धर दबोचा। पुलिस ने सुपरवाइजर के कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त कर उसके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

- पुलिस ने भारी मात्रा में किया शराब बरामद

जानकारी अनुसार बीती रात शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान का सुपरवाइजर सूरज गुप्ता अपनी कार में शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान से अंग्रेजी शराब रखकर तस्करी करने जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पीछा करते हुए सडकपारा प्रतापगढ़ के पास घेराबंदी कर देर रात सुपरवाइजर सूरज गुप्ता को कार समेत धर दबोचा। पुलिस ने कार समेत सुपरवाइजर को लेकर थाने पहुंची जहां तलाशी के दौरान पुलिस ने सूरज गुप्ता की कार क्रमांक सीजी 15 सीवी 7455 से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखे 65 हजार 280 रूपए कीमत के 95.04 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इस मामले में कार एवं अंग्रेजी शराब जब्त कर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के अपराध दर्ज करते हुए सुपरवाइजर को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में एएसआई अरुण दुबे, प्रधान आरक्षक नीरज पांडेय, आरक्षक अतुल शर्मा, धनकेश्वर यादव, सेवक प्रसाद, मनोहर कुमार सक्रिय रहे।

## महिलाओं के अधिकारों से किया गया खिलवाड़ : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ महंगई

- विपक्ष पर किया तीखा हमला

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में चल रही सियासी हलचल अब सूरजपुर में भी स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। संसद से उठी इस बहस की तपिश स्थानीय स्तर तक पहुंच चुकी है।

सर्किट हाउस एवं नवीन विश्रामगृह में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान दिलाने वाले इस ऐतिहासिक विधेयक का विरोध कर विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। उन्होंने इसे नारी शक्ति के सम्मान का महायज्ञ बताते हुए कहा कि सरकार ने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा की थी, किंतु विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थों के चलते महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इस विधेयक का संसद में विरोध करना लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। हमारी माताएं, बहनें और बेटियां वर्षों से इस अवसर की प्रतीक्षा कर रही थीं, लेकिन विपक्ष ने उन्हें फिर इंतजार करने पर मजबूर कर दिया। प्रेस वार्ता में मौजूद भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने इसे महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि विरोध के माध्यम से विपक्ष ने अपनी संकीर्ण सोच को उजागर किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके लिए महिलाओं के मुद्दे केवल चुनावी भाषणों तक सीमित हैं, जबकि वास्तविक सशक्तिकरण के प्रति कोई ठोस प्रतिबद्धता दिखाई नहीं देती। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूतन विश्वास ने इस कानून को हर उस महिला की उम्मीद बताया, जो अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका विरोध महिलाओं के सम्मान का सीधा अपमान है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि आज का युवा समानता और अवसरों का समर्थक है, लेकिन विपक्ष का रवैया पुरानी सोच को दर्शाता है। प्रेस वार्ता को जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष स्वाति सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, संत सिंह, राजेश्वर तिवारी, रितेश गुप्ता, मुकेश साहू, पवन साहू, धर्मवीर सोनी, संजू सोनी, कृष्णकांत गोयल, प्रदीप गर्ग, नूतन विश्वास, देवंती साहू, नेहा तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

अम्बिकापुर। रिश्तेदार के यहा शादी का न्योता देने जा रहे वृद्ध को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चांचीडांड निवासी भुवनेश्वर आ. स्व. भूखल राम (66 वर्ष) बुधवार को ग्राम पलढ़ा निवासी रिश्तेदार के यहां शादी का न्योता देने पैदल जा रहा था। जैसे ही वृद्ध ग्राम धरमपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी गांव के सरपंच रामपति ने परिजन को दी और घायल वृद्ध को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## पोषण पखवाड़ा में मातृ-शिशु के मस्तिष्क विकास और जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक मुख्य उद्देश्य है। उद्देश्य के अनुश्रवण हेतु जनआंदोलन गतिविधि अंतर्गत प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करते हुये पोषण पखवाड़ा का आयोजन माह मार्च एवं अप्रैल में किया जाता है। इस वर्ष भी 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मिलेट्स आधारित व्यंजन प्रदाय किया जा रहा है। इस वर्ष मुख्य रूप से पोषण पखवाड़ा आयोजन अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण मस्तिष्क विकास, स्क्रीन टाइम कम करने में पालकों और समुदाय की भूमिका, सुदढ़ आंगनबाड़ियों के लिए समुदाय का सहयोग जुटाना, जैसे थीम पर गतिविधियाँ आयोजित की गई है। जिले में 9 अप्रैल से पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है तथा 23 अप्रैल को कैलेण्डर के आधार पर पोषण पखवाड़ा आयोजन अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक उत्प्रेरण 0-03 वर्ष, प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षा 0-03 वर्ष, स्क्रीन टाइम कम करने में पालकों और समुदाय की भूमिका, सुदढ़ आंगनबाड़ियों के लिए समुदाय का सहयोग जुटाना, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, तथा शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ आयोजन किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**राजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 4 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। अस्पतालों में अक्सर रक्त की कमी बनी रहती है, जिसे केवल जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से कहा कि वे आगे आएं और नियमित अंतराल में रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शिविर के दौरान सभी स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।





# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना




साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

### बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को मिलेगी मुफ्त कोचिंग, 30 तक रजिस्ट्रेशन

**रायगढ़।** अग्निवीर थल सेना भर्ती 2026-27 में ऑनलाईन पंजीकृत आवेदकों को प्रारंभिक परीक्षा हेतु कोचिंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदकों को 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीकृत आवेदकों को 4 मई से 4 जून तक निःशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें।

### विभिन्न खेलों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन

**रायगढ़।** रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी बालक बालिलका में हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग एवं एथलेटिक्स खेलों में नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल 1 अप्रैल की स्थिति में 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किया गया है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीरंदाजी बालक बालिका फुटबॉल बालिका एवं वेटलिफ्टिंग बालक बालिका के चयन ट्रायल 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को कोंटा स्टेडियम तथा तीरंदाजी एरिना बालिका छात्रावास के सामनेद्ध में आयोजित होंगे। वहीं हॉकी बालक बालिका एवं एथलेटिक्स बालक बालिका के ट्रायल 30 अप्रैल एवं 1 मई 2026 को कोंटा स्टेडियम तथा हॉकी स्टेडियम पिच.2 बालक छात्रावास के सामने में संपन्न होंगे। इच्छुक प्रतिभागियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित दल प्रबंधक के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभागए जिला रायगढ़ से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथियों में चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्टेट हाइवे पर ...

नजारा बदला हुआ दिखाई दे रहा है। सड़क के एक तरफ का गार्डवाल जमीन पर उखड़ा हुआ पड़ा है और उसकी स्थिति को देखकर यह साफ तौर पर प्रतीत होता है कि यह किसी सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त नहीं हुआ लगता है। यदि ऐसा होता तो गार्डवाल पूरी तरह मुड़ जाता या कई हिस्सों में टूटकर बिखरा होता, जबकि यहां ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता। डिवाइडर को देखने से ऐसा लगता है कि किसी ने जानबूझकर औजार की मदद से उसे उखाड़कर नीचे रख दिया है। स्थानीय ग्रामीणों और नियमित रूप से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने आशंका जताई है कि यह हरकत किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा की गई है, जिन्होंने अपने निजी स्वार्थ या शरारत के चलते सड़क सुरक्षा के इस अहम साधन को नुकसान पहुंचाया है। लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही दुर्घटना संभावित स्थल रहा है और गार्डवाल लगाए जाने के बाद काफी हद तक हादसों में कमी आई थी, लेकिन अब इसके टूट जाने से फिर से खतरा बढ़ गया है।

### सीएम ने किया ...

रहा है। पुस्तक का शीर्षक भी पाठकों में विशेष उत्सुकता जगा रहा है। श्रीमती मिश्रा के पति विनोद मिश्रा भी जशपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वे राजपुरोहित के रूप में भी समाज में प्रतिष्ठित पहचान रखते हैं। मिश्रा परिवार लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और बौद्धिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है।

### बरसात से पहले निर्माण पूरा नहीं हुआ तो जलभराव और हादसों का खतरा

# अधूरे पुल निर्माण ने बढ़ाई परेशानी, काम की सुस्ती से बढ़ रहा मोहल्लेवासियों में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर के यादव मोहल्ले में नाली पर बन रहा मिनी पुल इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कई महीनों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है और बीते दो महीनों में काम की रफ्तार लगभग थम सी गई है। आधा बना पुल और आधा अधूरा हिस्सा अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि बरसात का मौसम नजदीक है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। यदि समय रहते पुल का निर्माण पूरा नहीं किया गया, तो इस बार जलभराव की स्थिति और भी विकराल हो सकती है। हर साल बारिश में घरों में पानी घुसने की समस्या रहती है, लेकिन इस बार अधूरे निर्माण के कारण हालात और बिगड़ने की आशंका है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि बारिश के दौरान गंदा पानी घरों में भर जाता है, जिससे सांप और कीड़े-मकोड़ों का खतरा भी बढ़ जाता है। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। कुछ समय पहले हुई हल्की बारिश में ही पूरा मोहल्ला जलमग्न हो गया था, जिससे समस्या की गंभीरता साफ झलक रही है। गौरवपथ निर्माण के बाद जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परेशानी और बढ़ गई है। पानी निकलने का रास्ता बाधित होने के कारण पूरा क्षेत्र तालाब जैसा बन जाता है। वहीं अधूरा पुल आवागमन में भी बाधा उत्पन्न कर रहा है लोगों को आने.जाने में दिक्कत हो रही है, फिसलने और गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गयाए तो यादव मोहल्ला फिर से जलभराव, बीमारियों और दुर्घटनाओं की चपेट में आ सकता है।

**बढ़ रहा असंतोष**

मिनी पुल का निर्माण कई महीनों से बेहद धीमी गति से चल रहा है। इतनी समस्याओं के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। अब लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**सौरभ देवांगन**
मोहल्लेवासी

**शीघ्र होगा काम शुरू**

मजदूर पश्चिम बंगाल से आते हैं और वर्तमान में वहां चुनाव के कारण अवकाश पर हैं। 2-4 दिनों में उनके लौटते ही निर्माण कार्य फिर से तेजी से शुरू कर दिया जाएगा।

**मंगलदास,**
कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर

## अब जिला स्तर पर मिलेगी पीएफ, पेंशन यूएएन समस्याओं का त्वरित समाधान

**जशपुरनगर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा सदस्य सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से "निधि आपके निकट 2.0" कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, पेंशनधारकों और नियोक्ताओं को जिला स्तर पर ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें क्षेत्रीय कार्यालय तक बार-बार आने की आवश्यकता न पड़े। ईपीएफओ द्वारा आयोजित इन शिविरों में पीएफ दावा संबंधी समस्याएं, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर सक्रियण, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते की जानकारी सुधार, पेंशन से जुड़े प्रकरण, डिजिटल सेवाओं का उपयोग तथा शिकायत निवारण से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। शिविरों में उपस्थित अधिकारी मौके पर शिकायतों का पंजीकरण कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद समाधान प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में जिला नोडल अधिकारियों की निगरानी में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाना तथा लाभार्थियों को उनके अधिकारों एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना है। ईपीएफओ का मानना है कि जिला स्तर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से सदस्यों की समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और सेवाओं की पारदर्शिता भी बढ़ेगी।"निधि आपके निकट 2.0" अभियान के माध्यम से ईपीएफओ सदस्य-केंद्रित प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस पहल से कर्मचारियों और पेंशनधारकों को स्थानीय स्तर पर सहायता मिलने के साथ-साथ लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे में भी मदद मिलेगी। शिविरों में लाभार्थियों को ईपीएफओ की ऑनलाइन सेवाओं, पोर्टल उपयोग और डिजिटल सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिससे वे भविष्य में स्वयं भी सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

**ईपीएफओ की पहल से क्षेत्रीय कार्यालय के चक्कर कम होंगे, शिकायत समाधान प्रक्रिया बनेगी आसान**

## जशपुर में 28 को लगेगा रोजगार मेला, 360 पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में तीन कंपनियों द्वारा कुल 360 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक सुबह 11:00 बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय, जशपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में उपस्थित होना है। रोजगार मेले में आरजे ग्रुप मैनपॉवर अंतर्गत 50 पदों में भर्ती होनी है, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड हेतु 20 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, फाइनेंस ऑफिसर के 10 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 10 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए, रिसेपनिस्ट के 5 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए और स्टाफ नर्स के 5 पदों के लिए योग्यता नर्सिंग होना आवश्यक हैं। इसी तरह परिश्रम ळ्यूमन रिसोर्सेस में मीटर इंस्टालेशन के लिए 300 पदों में भर्ती होनी है, इसके लिए योग्यता आईटीआई और नॉन आईटीआई मांगी गई है। स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रालि में फ़ील्ड ऑफिसर के 10 पदों के लिए योग्यता 10 वीं पास निर्धारित है। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय

**रायगढ़।** जिले में एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने किशोरियों के सुरक्षित एवं समय पर टीकाकरण को प्राथमिकता दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण जगत ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित उपाय है। उन्होंने कहा कि यह टीका शरीर में मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करता हैए जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

## केन्द्रीय विद्यालय में मना विद्या प्रवेशोत्सव



**जशपुरनगर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर कक्षा बालवाटिका एवं कक्षा प्रथम के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए "विद्या प्रवेशोत्सव"हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेन्द्र कुमार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, पुष्प सज्जा एवं आकर्षक अलंकरण से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय एवं स्वागतपूर्ण बन गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह, जिज्ञासा एवं प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा,"विद्या प्रवेशोत्सव बच्चों के जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। हमारा प्रयास है कि वे विद्यालय को सीखने के साथ-साथ आनंद का केंद्र मानें।

## नीट की तैयारी को लेकर बैठक व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर

**रायगढ़।** 3 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 के सफल, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए और परीक्षा व्यवस्था के हर पहलू पर गहन चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या समन्वय की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को समय.सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ.साथ कंट्रोल रूमए हेल्पडेस्क और आपातकालीन व्यवस्थाओं को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिएए ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। बैठक में परीक्षा केंद्रों की तैयारीए केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से विचार.विमर्श किया गया।

## उपनयन संस्कार में भीड़ का फायदा उठाकर सोने के गहने और मोबाइल पार

रायगढ़। तमनार थाना क्षेत्र में आयोजित एक उपनयन संस्कार कार्यक्रम के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने महिलाओं के सोने के गहने और एक मोबाइल फोन पार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार तमनार निवासी भानुमति बैरागी अपने परिवार के साथ 21 अप्रैल को हाई स्कूल मैदान तमनार में आयोजित उपनयन संस्कार में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और भोजन के लिए साहू सदन में लाइन लगी हुई थी। इसी दौरान, भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने उनकी मां ताराबाई बैरागी के गले से करीब 10 ग्राम का सोने का चंपाकली माला चोरी कर लिया। वहीं कार्यक्रम में आई अन्य महिलाओं को भी चोरों ने निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक सराईपाली निवासी सप्तसीनी भोय का करीब 6 ग्राम का मंगलसूत्र, पंचधार सरिया निवासी लक्ष्मीबाई वैष्णव का करीब 7 ग्राम का मंगलसूत्र और सराईपाली निवासी नीलिमा प्रधान का रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन भी चोरी हो गया। बताया जा रहा है कि कुल मिलाकर लगभग 80 हजार रुपए की संपत्ति चोरी हुई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक सुधार : डॉ राजीव




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय सभ्यता के हजारों सालों के इतिहास के साथ ही भारत लोकतंत्र की जननी है। भारत के पास इस सफर में एक नया पहलू जोड़ने का मौका था। हम देश की आधी आबादी को नीति.निर्धारण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाए थे।

सदन में विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम खारिज किए जाने के मामले पर आयोजित प्रेस वार्ता में संभाग प्रभारी डॉ राजीव सिंह एवं प्रदेश भाजपा मंत्री ऋतु चौरसिया ने कहा भाजपा ने सभी सांसदों से आग्रह किया था कि वे इस मौके को हाथ से न जाने दें। हम सब मिलकर देश को एक नई दिशा देने के लिए तैयार थे। यह भारत की नारी शक्ति के लिए एक महायज्ञ था। भाजपा को यह विश्वास था कि इस महायज्ञ का नतीजा न केवल राजनीति का भविष्य बल्कि देश की दिशा और नियति भी तय करेगा। लेकिन स्वार्थी विपक्ष, जिसने 30 साल तक राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमारी महिलाओं की भागीदारी देने में देरी कीए ने एक बार फिर इस देश की महिलाओं को निराश किया है। उन्होंने देश को निराश किया। अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की बेचैनी का स्वार्थ एक बार फिर सामने आया और महिलाओं के हितों को एक बार फिर दरकिनार कर दिया गया। हमारी पीढ़ियों में हमारी दादीयो ने इस विधेयक का इंतजार किया था। हमारी माताओं ने इसकी उम्मीद की थी। हमारी बहन बेटियों ने इस क्षण का इंतज़ार किया था।

कांग्रेस और उसके साथियों ने आपकी बेटियों को और 30 साल इंतज़ार करवाया! यह सीटों के बारे में नहीं है। यह भारतीय घर की इज्जत के बारे में है जो आखिरकार लोकतंत्र के मंदिर तक पहुँच रही है। हमें इस विषय को लेकर स्पष्ट होना चाहिए कि विपक्ष ने क्या होने से रोका है।

## जगन्नाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से 6 किमी दूर स्थित ग्राम सोडेकेला में नव निर्मित जगन्नाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बीच कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन बीते 12 अप्रैल से जारी है। जिसका पुर्णाहुति 24 अप्रैल को होने जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण जनों के साथ साथ आस पास के ग्रामीण जन काफी उत्साही है और इसमें लगातार भाग ले रहे हैं।

इस दौरान सोडेकेला ग्राम गुलजार है जिसमें कही कंस दरबार लगा है तो कहीं किर्तन पाला, नाटक, तो कहीं भंडारा चल रहा है और इन सब कार्यक्रमों के बीच वेदोक्त मंत्रों से भगवान जगन्नाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सब के मन को आंदोलित करने के लिए काफी रहा है जिसके फलस्वरूप सोडेकेला का समुचे क्षेत्र मेले तब्दील रहा। जानकारी के मुताविक पहले यहां मिट्टी का मंदिर था जिसे ग्रामीणों ने मिलकर नव कलेवर के साथ मंदिर को भव्य रूप दिया। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य कार्यक्रमों में अंकुरारोपण, कलशयात्रा, यज्ञ, सूर्य पजा, शाला संस्कार, युप प्रतिष्ठा, अर्णाभिषेक, शर्कराभिशेक, चंडी पाठ युक्त हवन, वस्त्राभिषेक, पुष्पाभिशेक, फलाभिषेक, विष्णु सहस्त्र नाम, गीता हवन, देवता महास्नान, रत्न मण्डप प्रतिश्ठा, भगवान जगन्नाथ जी का प्राण प्रतिष्ठा, महाध्वज स्थापन, कलश स्थापन, चतुर्धामुर्ति मंदिर प्रवेश, पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम तय समय में संपन्न हो रहा है। इन कार्यक्रमों में 16 जोडी यजमान शामिल है जो ग्रामीणों के साथ मिल कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाने ग्राम के हर कोने को सजाने का प्रयास किया है।

## विद्यालय के कर्मचारियों को दी गई विदाई




**जशपुरनगर।** शासकीय उमा विद्यालय गम्हरिया में कार्यरत राम कुमार पाठक प्राचार्य पद से एवं शोभावन्ती राठिया खेल शिक्षिका के पद से एवं रामेश्वरम राम कार्यालयसहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इन कर्मचारियों के सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सहकर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपका अनुभव और योगदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका आगे का जीवन आनंद, स्वास्थ्य और सफलता से परिपूर्ण रहे।"उनके द्वारा संस्था के शिक्षक - शिक्षिका को भाऊक मन से जीवन जीने के तथा अपने कर्तव्य को निभाने के प्रेरणा दी गई। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान इन्होंने न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित किया, बल्कि अपने सहकर्मी शिक्षकों को भी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।"

### 9 से 23 अप्रैल तक हुआ आयोजन

# पोषण पखवाड़ा समारोह में कार्यकर्ताओं का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और उत्कृष्ट कार्य के लिए पर्यवेक्षक चेतना पटेल, दीपमाला कर एवं प्रतिमा नायक को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और छह सहायिकाओं को भी उनके समर्पण, मेहनत और उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि पोषण पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने हर नागरिक, परिवार और समुदाय से इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एलआर कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 9 अप्रैल को 8वें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया था, जो 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित हुआ। इस दौरान जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रैलियों, जागरूकता अभियानों और विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को संतुलित आहारए मातृ.शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। समापन समारोह में बच्चों और महिलाओं द्वारा पोषण जागरूकता पर आधारित गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से संतुलित आहारए स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और महिलाएं शामिल हुईं।







